# बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना

अ.स.प.सं.वि.प.वि.- 73/2025- 1206(3) वि.प.। दिनांक- 26.11.2025

**प्रिय महोदय / महोदया,**

निदेशानुसार मुझे यह सूचित करना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-174 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बिहार के माननीय राज्यपाल ने बिहार विधान परिषद् को बुधवार, दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न बिहार विधान परिषद् वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करने की कृपा की है।

आहूत करने से संबंधित अधिसूचना की एक प्रति सहज निदेश हेतु इसके साथ संलग्न है।

अत: अनुरोध है कि नियत तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने की कृपा करें।

भवदीय

26/11/25

(अखिलेश कुमार झा)
सचिव
बिहार विधान परिषद्

सेवा में,

श्री / श्रीमती.........................................

बिहार सरकार
संसदीय कार्य विभाग

: : **अधिसूचना** : :

संख्या-सं.का.-01/वि.मं.(सत्र)-01-03/2025- 835 / पटना, दिनांक- 25.11.2025

बिहार के राज्यपाल का दिनांक 25.11.2025 का निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की सूचना के लिए इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है :-

"भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, आरिफ मोहम्मद खां, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान परिषद् को दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान परिषद् वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत करता हूँ।

आरिफ मोहम्मद खां,
राज्यपाल, बिहार।"

पटना
दिनांक-25.11.2025

ह०/-
(राजेश कुमार)
सरकार के अपर सचिव।

**बिहार सरकार**
**संसदीय कार्य विभाग**

**: : अधिसूचना : :**

संख्या-सं०का०-1/वि०मं०(सत्र)-01-03/2025- *836* / पटना, दिनांक- 25.11.2025

अधिसूचना संख्या 835 दिनांक- 25.11.2025 का अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार के राज्यपाल के प्राधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अधीन अंग्रेजी में इसका प्राधिकृत पाठ समझा जायेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह०/-
(राजेश कुमार)
सरकार के अपर सचिव।

**Government of Bihar**
**Department of Parliamentary Affairs**

**: : NOTIFICATION : :**

Patna, dated-25.11.2025

No-P.A.-01/V.M. (Session)-01-03/2025 – ***835*** / The following order of the Governor of Bihar dated the 25-11-2025 is hereby published for general information :

**"In exercise of the powers under Clause (1) of Article 174 of the Constitution of India, I, Arif Mohammed Khan, Governor of Bihar, hereby summon the Bihar Legislative Council to meet at 11.00 A.M. on the 03rd December, 2025 in the Council Chamber, Patna.**

**Arif Mohammed Khan**
**Governor of Bihar."**

**Patna**
**Dated-25.11.2025**

Sd/-
**(Rajesh Kumar)**
**Additional Secretary to Govt.**

# बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना

पत्रांक – वि.प.वि. – 73/2025 - 1207 / (3) वि.प. ।

सेवा में,

**बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण,**

**विषय :** भारतीय संविधान के अधीन संघटित बिहार विधान परिषद् के 211वें सत्र (माह दिसम्बर, 2025) के अस्थायी कार्यक्रम ।

**महोदय / महोदया,**

दिनांक–03 दिसम्बर, 2025 से प्रारम्भ होनेवाली बिहार विधान परिषद् की बैठकों में सम्पादित होनेवाले कार्यों को निपटाने के लिए नियत तिथियों के साथ अस्थायी कार्यक्रम संलग्न किया जाता है :

**राजकीय विधेयक :** शुक्रवार, दिनांक – 05 दिसम्बर, 2025 को सभा अथवा सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजकीय विधेयक उस श्रेणी के कार्य के लिए नियत तिथि की कार्यावली में उसी क्रम में रखे जाएंगे, जो बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम-20(1) के अधीन सदन नेता के परामर्श से माननीय सभापति निदेशित करेंगे।

आशा है कि आप कार्य सूची सहित अन्य पत्रादि जो परिषद् सचिवालय द्वारा आपको भेजे जायें, सत्र में निदेश के लिए साथ लाने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

26/11/25

सचिव

बिहार विधान परिषद्

ज्ञापांक-वि.प.वि.- 73/2025– 1207 (3) वि.प.। दिनांक – 26.11.2025

**प्रतिलिपि :** बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री, बिहार / माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय, बिहार / माननीय मंत्रीगण / माननीय मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय / मुख्यमंत्री सचिवालय (चार प्रतियों में) / माननीय राज्यपाल, बिहार के आप्त सचिव / माननीय अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आवासीय कार्यालय एवं बिहार विधान सभा स्थित कार्यालय वेश्म / प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा,

P.T.O.

पटना/ लोकायुक्त, बिहार / महाधिवक्ता, बिहार / बिहार सरकार के सभी विभाग एवं विभागाध्यक्ष / सभी राज्यों के विधान मंडलों के सचिव / लोकसभा तथा राज्यसभा सचिवालय, नई दिल्ली/ पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली / बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना / निदेशक, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार / अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना / समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना / जन-सम्पर्क पदाधिकारी एवं प्रभारी, नेवा सेल, बिहार विधान परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

26/11/2025

निदेशक

बिहार विधान परिषद्

# बिहार विधान परिषद् के 211वें सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

## दिसम्बर, 2025

| | |
|---|---|
| बुधवार, दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 | 1. भारत के संविधान के अनुच्छेद-176(1) के अधीन 11.30 बजे पूर्वाह्न में बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के एक साथ समवेत बैठक में माननीय राज्यपाल का अभिभाषण |
| | 2. बिहार विधान मंडल के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का परिषद् पटल पर रखा जाना (यदि हो) |
| | 3. द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन |
| | 4. शोक प्रकाश (यदि हो) |
| बृहस्पतिवार, दिनांक 04 दिसम्बर, 2025 | माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सामान्य वाद-विवाद एवं सरकार का उत्तर |
| शुक्रवार, दिनांक 05 दिसम्बर, 2025 | वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद, सरकार का उत्तर एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक |

**********